TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जन्मदिन विशेष

04 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफ़लता कड़ी मेहनत, असफलता से सीखने, निष्ठा और दृढ़ता का परिणाम है।

**बराक ओबामा**

( अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति )

जन्म: 04 अगस्त 1961



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

4 अगस्त

मधु प्रिया

## परमाणु भट्ठी अप्सरा का कार्य प्रारम्भ 4 अगस्त



भारत ने परमाणु युग में 4 अगस्त, 1956 में उस समय प्रवेश किया जब देश के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' का शुभारंभ किया गया एशिया के पहले न्यूक्लीयर रिएक्टर को 'अप्सरा' कहा जाता है। यह 4 अगस्त,1956 को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के ट्रॉम्बे परिसर में बना था। बार्क की वेबसाइट के मुताबिक तत्कालीक पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने औपचारिक रूप से 20 जनवरी, 1957 को इसका उद्धाटन किया था। बार्क ने बनाई रिएक्टर की डिजाइन अप्सरा भारत के रिसर्च रिएक्टरों में सबसे पुराना है। इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र बार्क द्वारा डिजाइन किया गया था। और यूनाइटेड किंगडम की सहायता से बनाया गया था। उस समय इसके डायरेक्टर होमी जहांगीर भाभा थे। होमी जहांगीर को भारत में न्यूक्लीयर एनर्जी का जनक कहा जाता है। अप्सरा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे (बंबई) में स्थापित भारतवर्ष की प्रथम परमाणु भट्टी (रिऐक्टर) का नाम है।

# जयंती विशेष 04 अगस्त




**किशोर कुमार** (जन्म: 4 अगस्त, 1929 – निधन: 13 अक्टूबर, 1987) भारतीय सिनेमा के मशहूर पार्श्वगायक समुदाय में से एक रहे हैं। वे एक अच्छे अभिनेता के रूप में भी जाने जाते हैं। हिन्दी फ़िल्म उद्योग में उन्होंने बंगाली, हिन्दी, मराठी, असमी, गुजराती, कन्नड़, भोजपुरी, मलयालम, उड़िया और उर्दू सहित कई भारतीय भाषाओं में गाया था। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक के लिए 8 फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार जीते और उस श्रेणी में सबसे ज्यादा फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।



# भारत के खिलाफ टेस्ट में किसी टीम का सबसे तेज शतक

| टीम | ओवर | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 14 | पर्थ | 2011/12 |
| बांग्लादेश | 14.1 | मीरपुर | 2007 |
| इंग्लैंड | 14.4 | द ओवल | 2025 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.08.2025

## शिक्षण विवेचन

शिक्षण विवेचन **(Teaching Analysis)** का अर्थ है, शिक्षण प्रक्रिया का विश्लेषण करना और उसमें सुधार के लिए उपाय खोजना। इसमें शिक्षक अपनी शिक्षण विधियों, पाठ योजनाओं और कक्षा में छात्रों के साथ अपने व्यवहार का मूल्यांकन करते हैं ताकि वे अपनी शिक्षण प्रथाओं को बेहतर बना सकें।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
एशिया का सबसे साफ-सुथरा गांव जिसका नाम Mawlynnong है, मेघालय, भारत में है। इसे 'गॉड्स ओन गार्डन' भी कहा जाता है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

एक भेद है और वहां
निर्भय होते नर-नारी,
कलम उगलती आग,जहाँ
अक्षर बनते चिंगारी।

रामधारी सिंह दिनकर

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


4 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय बॉन एंड ज्वाइंट दिवस
लोगों के बीच हड्डी के स्वास्थ्य के बारे में
जागरूकता फैलाएं और खुद भी जागरुक बनें।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
4 अगस्त 1929
भारतीय सिनेमा के मशहूर पार्श्वगायक
किशोर कुमार
की जयंती पर सादर नमन।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya